दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 263 मुरादाबाद 17 January 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## PM मोदी ने 'आप' को दिया ईमानदारी का प्रमाण पत्र, केजरीवाल का केंद्र पर तंज



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) 1947 के बाद से देश की सबसे ष्ईमानदारष् पार्टी है, यह दावा करते हुए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पार्टी को ष्ईमानदारी का प्रमाण पत्रष् दिया है। केजरीवाल इन दिनों गोवा में पार्टी के लिए जोर-शोर पर प्रचार में व्यस्त हैं।आगामी 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गोवा में प्रवास पर चल रहे अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीएम मोदी ने श्आपश् को आजादी के बाद से भारत की सबसे ईमानदार पार्टी का प्रमाण पत्र दिया है। मोदी जी ने सीबीआई, पुलिस ने मुझ पर और मनीष सिसोदिया पर छापा मारा। 21 पार्टी विधायकों को गिरफ्तार किया गया, 400 फाइलों की जांच के लिए आयोग का गठन किया गया था। फिर भी कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा, ष्भ्रष्टाचार मुक्त शासन हमारे डीएनए में है।ष् इसके अलावा 14 फरवरी को होने वाले गोवा विधानसभा चुनाव के लिए अरविंद केजरीवाल ने प्रदेश की जनता के समक्ष 13 सूत्री एजेंडा भी रखा। केजरीवाल ने कहा, ष्गोवा की जनता 14 फरवरी को होने वाले चुनावों का इंतजार कर रही है। लोगों के लिए आम आदमी पार्टी नई उम्मीद है। उनके पास पहले भाजपा/कांग्रेस के अलावा कोई विकल्प नहीं था, वे बदलाव चाहते हैं और निराश हैं।ष् आप के 13 सूत्री एजेंडे के तहत केजरीवाल ने कहा कि युवाओं को रोजगार दिया जाएगा और जिन्हें नहीं मिलेगा उन्हें 3,000 रूपये प्रति माह की सहायता मिलेगी। केजरीवाल ने कहा कि बेहतर और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा के लिए गोवा के हर गांव और जिले में मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल खोले जाएंगे। किसान समुदाय के साथ चर्चा के बाद खेती के मुद्दों को हल किया जाएगा। व्यापार प्रणाली को सुव्यवस्थित और सरल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, ष्हम 18 वर्ष से अधिक उम्र की प्रत्येक महिला को 1,000 रूपये प्रदान करेंगे। पर्यटन क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा। गोवा में 24□7 मुफ्त बिजली और पानी होगा। सड़कों में सुधार किया जाएगा और सभी सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।ष् केजरीवाल ने यह भी कहा कि राज्य में खनन का बहुत बड़ा निहित स्वार्थ है। केजरीवाल ने कहा कि अगर आप सत्ता में आती है तो वह छह महीने में लोगों को जमीन का अधिकार देगी।

## कैराना में हिंदुओं का पलायन कराने वालों को सपा ने दिया टिकट: योगी

यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल अपने-अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुके हैं। 15 जनवरी को भाजपा ने भी अपनी पहली और दूसरी सूची जारी कर दी है। भाजपा की सूची जारी होने के बाद सीएम योगी ने रविवार को सपा और भाजपा की सूची में फर्क समझाया। योगी ने भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची को सामाजिक न्याय का प्रतीक और सपा गठबंधन की सूची को माफियाओं की लिस्ट बताया। सीएम योगी ने कहा, भाजपा की पहली सूची सामाजिक न्याय की प्रतीक है। भाजपा के सबका साथ, सबका विकास के नारे को सार्थक करती हुई दिखाई देती है। उन्होंने आगे कहा, भाजपा की सूची में समाज के विभिन्न तबकों को महत्व दिया गया है। हर एक व्यक्ति जिसने भी उस सूची को देखा है, एक आत्मसंतुष्टि के भाव के साथ भाजपा के सबका साथ सबका विकास का नारा सार्थक दिखाई देता है। सपा गठबंधन पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा, सपा ने भी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है,



जिसको सबने देखा है। योगी ने फरार कैराना से सपा विधायक और गठबंधन प्रत्याशी नाहिद हसन की गिरफ्तारी पर कहा, कैराना में हिंदू व्यापारियों के पलायन के लिए जिम्मेदार लोगों को टिकट दिया जा रहा है। उन्होंने मुजफ्फरनगर दंगा, बुलंदशहर और लोनी के हिस्ट्रीशीटरों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सपा की सूची में कैराना और मुजफ्फरनगर के दंगाईयों को टिकट दिया गया है। योगी ने कहा कि पेशेवर अपराधियों को सत्ता में लाकर, सत्ता को शोषण का जरिया बनाना ही सपा का सामाजिक न्याय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा की सूची से यह बात साफ तौर पर झलकती है। गौरतलब है कि भाजपा ने शनिवार को पहले दो चरण के चुनाव पाली 105 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची दिल्ली में जारी की थी। सूची में इन उम्मीदवारों के अलावा योगी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का नाम भी शामिल किया गया है। इसमें योगी को गोरखपुर शहर और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सिराथू विधानसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद पूर्व मंत्री दारा सिंह ने भी थामा सपा का दामन

स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद योगी सरकार में मंत्री रहे दारा सिंह चौहान को अखिलेश यादव ने अपने पाले में कर लिया है। लखनऊ स्थित सपा कार्यालय पर रविवार को दारा सिंह चौहान ने सपा का दामन थाम लिया है। अखिलेश यादव ने उन्हें सदस्यता दिलाई। समर्थकों के साथ सपा की सदस्यता के बाद पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास का नारा देकर बनाई गई थी पर विकास कुछ चुनिंदा लोगों का ही किया गया। आपको बता दें दारा सिंह चौहान ने बीते दिनों



सरकार से इस्तीफा दिया था। राज्यपाल को भेजे गए लेटर में दारा सिंह ने लिखा था, मैंने पूरे मनोयोग से अपने विभाग की बेहतरी के लिए काम किया, लेकिन योगी सरकार की पिछड़ों, वंचितों, दलितों, किसानों और बेरोजगार नौजवानों की घोर उपेक्षात्मक रवैये के साथ-साथ पिछड़ों और दलितों के आरक्षण के साथ जो खिलवाड़ हो रहा है, उससे आहत होकर मैं उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे रहा हूं। दारा सिंह चौहान ने मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। कयास लगाए जा रहे थे कि दारा सिंह समाजवादी पार्टी ज्वाइन करेंगे। उधर, अखिलेश यादव ने भी दारा सिंह से मुलाकात के बाद एक फोटो के साथ ट्वीट किया था।

### बसपा छोड़कर भाजपा में हुए थे शामिल

स्वामी प्रसाद मौर्य की तरह दारा सिंह चौहान भी बीजेपी में आने से पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता था। 2015 में वह बसपा का साथ छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए थे। तीन के बार के सांसद को तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने बीजेपी की सदस्यता दिलाई थई। चौहान को ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष भी बनाया गया। मधुबन विधानसभा सीट से जीतने के बाद उन्हें योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया।

## केंद्र में पढ़ रहे 40 बच्चों को सोशल मीडिया प्रभारी रश्मि रस्तोगी ने पाठ्य सामग्री का वितरण किया



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर – फुलसुंगंघा में चल रहे भगिनी निवेदिता केंद्र में जाने का अवसर प्राप्त हुआ बच्चों को मकर संक्रांति एवं लोहड़ी का त्यौहार क्यों मनाया जाता है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी केंद्र की मुख्य शिक्षिका एवं सेवा भारती नगर इकाई की अध्यक्ष कामिनी मिश्रा जी ने बच्चों के विषय में आने से पहले वह क्या थे और केंद्र में आने पर क्या परिवर्तन हुआ विस्तार से बताया सभी बच्चों में संस्कार की बहुत अच्छी झलक देखने को मिली सभी बच्चों को मेरे द्वारा पुस्तकें बांटी गई इस अवसर पर राजवंश रस्तोगी जी एवं आनंद तिवारी जी ने अपने विचार रखे पुस्तक वितरण कार्यक्रम में मेरे साथ राजवंश रस्तोगी केंद्र में सहयोग करने वाले आनंद तिवारी जी एवं धर्मपाल के साथ अन्य बहुत से बच्चे उपस्थित रहे

## युवाओं के लिए रोजगार परक शिक्षा जरूरी – भाजपा समाजसेवी भारत भूषण चुघ

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर – विधालयी शिक्षा के साथ साथ युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा का ज्ञान भी वर्तमान परिवेश में आवश्यक हो गया है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने आज रिंग रोड पर ग्राम्सी रीडर्स क्लब का बतौर मुख्य अतिथि धार्मिक अनुष्ठानों के बीच फीता काट उद्घाटन करने के पश्चात उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब वर्ग के युवाओं को इस संस्थान में निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि वह भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ कर अपना भविष्य बेहतर बना सकें। उन्होंने क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा यहां शिक्षाप्रद पुस्तकों के साथ-साथ रोजगार परक पुस्तकों की भी पर्याप्त व्यवस्था हो और अधिक से अधिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर



के लिए पाठ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। श्री चुघ ने कहा ।यह रूद्रपुर की युवा और जीवंत पीढ़ी द्वारा की गई एक पहल है। क्लब के संचालक दिव्यांशु कालरा,आशीष चावला व आदित्य गांधी ने बताया एक पाठक क्लब जहां लोग आ सकते हैं और अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और समान विचारधारा वाले लोगों के साथ बातचीत कर सकते हैं। हर पीढ़ी और शैली के लोगों के सामने आने और देखने के लिए विभिन्न प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया यहां सामाजिक संपर्क के लिए हर हफ्ते पर्याप्त गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। लोगों के लिए अपने बौद्धिक भागफल का पता लगाने के लिए यह एक पूरी नई अवधारणा है ताकि वे अपने विचारों को व्यक्त कर सकें और उनका पता लगा सकें।इस दौरान असलम कोहरा, डॉ. सबाहत खान,महेश चंद्र गांधी, स्वर्ण, दीपक चावला, अनिल सचदेवा, प्रेरणा गर्ग, अशोक बंसल, सुरेन्द्र कुमार चावला, अभिमन्यु गांधी, सिद्वांत तिवारी व नवीन चिलाना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बिजली मीटर में जीरो बिल: नंदलाल प्रसाद

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर – विधानसभा अरविंद नगर वार्ड नंबर 3 में डोर टू डोर आप का प्रचार करते हुए नंदलाल प्रसाद ने कहा कि वोट डालने से पहले मीटर की तरफ एक बार जरूर देख कर जाना । कौन सी पार्टी मीटर का बिल जीरो कर सकती है । आम आदमी पार्टी ने 300 यूनिट फ्री बिजली देने की गारंटी दी है ।आम आदमी पार्टी दिल्ली में 200 यूनिट बिजली फ्री दे रही हैं ।अगर आपको अपने बिजली के मीटर में जीरो बिल चाहिए तो आम आदमी पार्टी को वोट देना ।बिजली का पुराना बिल माफ कर दिया जाएगा । उत्तराखंड में 24 घंटा बिजली देने का वादा है ।आज बढ़ती बेतहाशा महंगाई के दौर मेंअगर बिजली फ्री हो जाती है तो परिवार चलाने में बहुत सहारा हो जाएगा ।21 वर्षो से उत्तराखंड में कांग्रेस और बीजेपी ने मिलकर लूट मचा रखी है । अरविंद केजरीवाल जी ने उत्तराखंड के लिए पांच ग्रंटी की घोषणा की है ।इसमें पहले गारंटी 300 यूनिट बिजली फ्री है ।इसके साथ साथ प्रत्येक माह 18 वर्ष से ऊपर की आयु के माता, बहन, बेटियों को 1000 प्रत्येक माह देने की गारंटी दी है।शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल



दिल्ली जैसा होगा । तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या, अजमेर शरीफ, करतारपुर साहिब के दर्शन कराए जाएंगे ।आप की सरकार बनने पर 6 महीने के अंदर 100000 सरकारी नौकरी दिया जाएगा ।जब तक नौकरी नहीं दे देते तब तक 5000 बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा ।दिल्ली में करके दिखाया है अब उत्तराखंड में भी करेंगे । अरविंद केजरीवाल जी जो कहते हैं वह करते हैं ।इस मौके पर सृजन अधिकारी, कौशिक मंडल, अजय , सुनीता लोग मौजूद थे

## 02 मोटरसाइकिलों के साथ 02 व्यक्ति गदरपुर पुलिस की गिरफ्त में

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर – सूरज कुमार पुत्र सतनाम सिंह निवासी फतेहगंज थाना गदरपुर जिला उ0 सि0 नगर के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मु0 FIR NO- 08/2022धारा 379 IPC बनाम अज्ञात में पंजीकृत किया गया। वादी की मो0सा0 CD DeluX न0 ना06n3215 व ना 06 IG 6306 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की घटना के अनावरण हेतु तत्काल पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी व सीसीटीवी कैमरो के अवलोकन व अथक प्रयासों से दौराने वाहन चौकिंग स्थान मोतियापुर हाईव से दिनांक 15.1.2022 को समय 19.20 बजे दो व्यक्तियो कमशः 1. बलविंदर सिंह उर्फ सोनू 2. सुखदेव



सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणो के कब्जे से चोरी की मो०साव CD Delu को बरामद की गई ।अभियुक्तगणो से सख्ती से पूछताछ कर उनके निशानदेही पर अभियुक्त बलविंदर के घर भरतपुर गूलरभोज से दूसरी मो0 सा0 को बरामद कि गयी। अभियुक्तो को सुसंगत धाराओ मे गिरफ्तार कर समय से मा० न्यायालय पेश किया

## हिलान्स सरस बजार में सम्पूर्णानन्द डेमोक्रेसी कैफे का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर – जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी युगल किशोर पन्त व उनकी पत्नी श्रीमती मोनिका पन्त, मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगांई व उनकी पत्नी श्रीमती ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज संयुक्त रूप से काशीपुर रोड स्थित हिलान्स सरस बजार में




सम्पूर्णानन्द डेमोक्रेसी कैफे का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इसके पश्चात सभी ने डेमोक्रेसी कैफे का अवलोकन किया। उन्होने कैफे मे महिला सहायता समूह द्वारा बनाये गये उत्पादों की सराहना की। कार्यक्रम में सभी ने मेरा वोट मेरा अधिकार हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर किये। कैफे के निरीक्षण के दौरान उप शिक्षा अधिकारी डॉ0 रवि मेहता ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिये चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की चित्रों के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी ।इस दौरान परिन्दे ग्रुप के दिव्यांश, मुजिर और तुषार द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# दिन का पारा और गिरा, बढ़ा सर्दी का सितम

मुरादाबाद- जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के तेवर और तीखे हो गए। दिन का अधिकतम तापमान और गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौजूदा सीजन में यह दिन के समय का सबसे कम तापमान है। दिनभर धूप नहीं निकलने से ठंड का सितम बढ़ गया तो रात का न्यूनतम तापमान भी काफी कम रहने से लोग ठिठुरने को मजबूर हुए। लगातार तीसरे दिन धूप नहीं निकलने से ठंड और बढ़ गई। 48 घंटे के दौरान दिन के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शनिवार देर रात से रविवार को पूर्वाह्न तक कोहरा छाया रहा, लेकिन दोपहर में कोहरे की मोटी चादर आसमान पर छाने से धूप नहीं निकली और ठिठुरन बढ़ गई। रात का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। विशेषज्ञों ने सोमवार तक ठंड के तेवर इसी तरह से तीखे बने रहने का अंदेशा जाहिर किया है, जबकि मंगलवार से थोड़ी राहत मिल सकती है। मंगलवार को दिन के अधिकतम तापमान में चार डिग्री और रात के न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी दर्ज हो सकती है, जिससे कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिल सकेगी।

### 20 जनवरी से फिर बारिश के आसार

विशेषज्ञों की तरफ से दीर्घकालीन पूर्वानुमान में 20 से 23 जनवरी के बीच हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई जा रही है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते पहाड़ों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश से ठंड फिर बढ़ सकती है। आसमान में बादल छाने और बारिश होने पर दिन का अधिकतम तापमान फिर से घटकर 15 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है।

# आजम खां के बेटे अब्दुल्ला रात पौने तीन बजे रामपुर पहुंचे, घर पर मिलने वालों का उमड़ा हुजूम



मुरादाबाद-रामपुर- सपा सांसद आजम खां के परिवार के लिए यूपी विधानसभा चुनाव 2022 से ठीक पहले शनिवार को एक अच्छी खबर आई। उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सीतापुर जेल से रिहा कर दिया गया। अब्दुल्ला आजम सीतापुर जेल में 688 दिन रहे। रात में जेल से रिहाई होने के बाद सीतापुर जिला कारागार के बाहर उनके समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। समर्थकों से मिलने के बाद अब्दुल्ला गाड़ी से रामपुर के लिए रवाना हो गए। रामपुर में अब्दुल्ला अपने घर रात पौने तीन बजे पहुंचे।यहां भी उनसे मुलाकात के लिए घर पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सीतापुर से रामपुर तक जगह-जगह लोगों ने उनका स्वागत किया। इस कारण सीतापुर से यहां तक पहुंचने में उन्हें छह घंटे लग गए।

### दिसंबर 2020 में रिहा हुई थीं आजम की पत्नी तजीन फात्मा

सपा सांसद आजम खां के साथ उनकी पत्नी विधायक तजीन फात्मा और बेटा अब्दुल्ला आजम 27 फरवरी 2020 को सीतापुर जेल शिफ्ट किया गया था। वह अपने पति व बेटे के साथ जेल में 298 दिन रहीं। दिसंबर में तजीन फात्मा की रिहाई हुई थी। उस समय भी सीतापुर जिला जेल के बाहर समर्थकों की भीड़ जुटी थी। अब अब्दुल्ला की भी रिहाई हो गई है। हालांकि अभी आजम खां की रिहाई नहीं हो सकी है। उनके समर्थ उम्मीद जता रहे हैं कि अब जल्द ही आजम की भी जेल से रिहाई हो जाएगी। रामपुर से भेजा गया था 43 मामलों में रिहाई का परवाना रू सीतापुर जेल के जेलर आरएस यादव ने बताया कि 43 मामलों में रिहाई परवाना आना था। शुक्रवार तक 12 आदेश मिले, 31 आने शेष थे। शनिवार को सब आदेश आ गए थे, लेकिन तकनीकी पेंच फंस गया था। इस वजह से दोबारा रामपुर जेल से संपर्क साधा गया। इसके बाद संशोधित रिहाई परवाना भेजा गया। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामपुर अखिलेश गंगवार संशोधित रिहाई परवाना लेकर करीब आठ बजे सीतापुर जेल पहुंचे। इसके बाद जेल में औपचारिकताओं को पूरा कर अब्दुल्ला आजम को रिहा किया गया।

# डिलारी में मेहमानों की गाड़ी में ग्रामीण ने मारा पत्थर, तोड़ा शीशा

मुरादाबाद-थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर लाल में मेहमानों की कार में ग्रामीण ने पत्थर मारकर शीशा तोड़ दिया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। पीड़ित पक्ष ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी बाबू के घर अरेस्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुरादाबाद से मेहमान अपनी कार से आए थे। तभी गांव के मोनू निवासी महमूदपुर लाल वाल्मीकि ने मुरादाबाद से आए कार सवार अविनाश की गाड़ी में पीछे साइड से पत्थर फेंककर मार दिया। इससे कार के शीशे टूट गए। गनीमत रही कि किसी के चोट नहीं लगी। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष ने 112 नंबर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पीआरवी मौके पर पहुंची। पुलिस को देख आरोपित घर में ताला लटकाकर भाग गए। पीड़ित पक्ष ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पीले और सफेद शहद, सरसों के तेल,और गुड़ ने किया आकर्षित

मुरादाबाद- नवीन मंडी समिति में जैविक खेती द्वारा उत्पादित शुद्ध (ऑरगैनिक) जैविक उत्पाद का मेला आयोजित किया गया। इसमें पंद्रह प्रकार के गुड़ के साथ हरी सब्जियाओं और दालों का भी प्रदर्शन किया गया। ग्राहकों ने गन्ने के रस से बने सिरके आदि की खूब खरीदारी की। मंडी समिति के अधिकारियों ने आचार संहिता बताकर टैंट नहीं लगवाए। बाद में दूसरे जनपदों से भी मंडी समिति पहुंचे किसानों ने आग्रह कर मेजे और चादर आदि बिछवाकर दुकानें सजाई। अमरोहा के गांव बेबड़ा खुर्द से आए किसान विमल चौहान एवं निर्पेंद्र कुमार ने बताया वह लोग पंद्रह प्रकार का गुड़ लेकर आए हैं। इनकी कीमत 70 रूपये से 800 रूपये तक है। इनमें मेवे सहित अनेक चीजें मिक्स हैं। आज मेले में पीला और सफेद शहद और गन्ने के रस से बना सिरका आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा उड़द, काले गेहूं का आटा, सरसों का तेल, हल्दी, चावल, मूली, मटर आदि के भी स्टॉल सजे रहे। मंडी आने वाले तमाम ग्रहकों ने इनसे आकर्षित होकर खरीदारी की। किसान मनोज कुमार, देवेंद्र सिंह, अंकित विश्नोई ने बताया कि हर रविवार को लगने वाले इस मेले के अलावा अब उनका इरादा शहर की बड़ी-बड़ी बस्तियों में भी स्टॉल लगाकर लोगों के इसके फायदे बताकर उन्हें इनकी ओर आकर्षित करने का है। जल्द ही योजना बनाकर इसे अमल में लाएंगे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Political parties promoting the culture of freebies, the Election Commission should take cognizance

The Election Commission should take cognizance of the kind of lucrative promises made by political parties to woo voters as soon as elections are announced in five states. Political parties should not be allowed to make announcements ignoring economic rules.There was a time when the promises of giving free things under public lucrative announcements were confined to Tamil Nadu, but in the last few years the same thing has started happening across the country. When one party announces to give free things, other parties are also compelled to do so. After that, they compete to outdo each other.The same thing is happening these days. From Goa, Punjab, Manipur to Uttar Pradesh and Uttarakhand, some party is promising to provide free electricity, while some are talking about distributing mobile-laptops. Since the issues of farmers are in discussion these days, announcements are also being made to waive their loans.How the politics of making public lucrative promises is becoming unbridled, it can be understood from this that now promises are being made to give cash. It is in a way an attempt to buy votes of the voters. It cannot be overlooked here that the practice of secretly distributing money and liquor during elections is already going on.It is a fact that during elections there has been a massive recovery of money that is collected to secretly distribute it among the voters.When the matter of ludicrous public ludicrous announcements made by political parties on the occasion of elections reached the Supreme Court, it had found that free and fair elections were based on the announcements of providing free sarees, mixers, mobiles, TVs etc. It just gets destroyed.The truth is that such announcements also work to sink the economy. When the economic condition of the states is already deteriorating due to the Kovid epidemic, then it becomes all the more necessary to check the trend of distribution of free ravines on the part of political parties.It would be better if the Election Commission issues such a guideline, so that arbitrary announcements of political parties can be stopped. It is also necessary to curb this because it encourages the culture of freebies. It should be understood that no country can become self-reliant by promoting this culture.

# Shibani Dandekar got a new tattoo done amidst the news of her marriage to Farhan Akhtar, first glimpse

These days the news of Farhan Akhtar and Shibani Dandekar's marriage is continuously coming in the Bollywood corridors. Meanwhile, Shibani gave a surprise to the fans on Sunday morning. Shibani Dandekar has got a new tattoo done on her neck, the video of which she shared on Instagram. Shibani Dandekar has shared a video on her Insta story flaunting a tattoo on her wrist. Apart from this, he has also shown the video which he recorded while getting the tattoo done.Farhan's name was written earlier- It is known that Shibani Dandekar has got a tattoo done on her neck earlier. He got Farhan Akhtar's name tattooed on his neck. After which he has now got this new tattoo done. Shibani has got pictures of free birds inked on her wrist. Shibani has praised the artist in the caption of the video she shared while flaunting the tattoo.Shibani praises the tattooist- Praising the tattoo artist, Shibani wrote in the caption – You are a wonderful person. Thank you for engraving this piece of your art on my wrist. On one hand, where the news of their marriage is continuously coming, on the other hand Shibani Dandekar has got this tattoo of free birds. People of this tattoo are extracting their meaning.Both are silent about the news of marriage- Fans are very excited about Shibani and Farhani's marriage. However, till now neither Farhan nor Shibani Dandekar has confirmed the news of this marriage. In the year 2015, Farhan and Shibani met in the reality show 'I CAN DO THAT'. First there were reports of both of them dating and then both openly announced their relationship.



# Jhanvi's bikini photo plundered the hearts of fans, sister Khushi Kapoor asked- 'Why are you eating strawberries with eggs?'

Actress Janhvi Kapoor, who rules the hearts of fans with her beauty and cute style, remains very active on social media. Janhvi Kapoor's social media posts often go viral, where fans love her photos and videos. Meanwhile, on Sunday too, Jhanvi Kapoor has shared some of her photos. In these photos, Jhanvi is talking about taking care of her skin with the help of a beauty product.Although fans are very fond of her bikini photos. At the same time, Janhvi's sister Khushi Kapoor has also commented on this post, but she has asked a question.Jhanvi looted the hearts of the fans- Actually on Sunday, Janhvi Kapoor shared some of her photos on Instagram. In these photos, while she is seen using a beauty product, on the other hand she is also flaunting her beauty. Janhvi's photos also include her bikini photos. Which are going viral fast. Khushi's question to Jhanvi-Jhanvi's post has been liked by fans as well as many celebs. In Jhanvi's photos, there is also a photo where strawberries are seen with eggs. On this, Jhanvi Kapoor's sister Khushi has commented- 'Why are you eating strawberries with eggs?' Jhanvi has not reacted to Khushi's comment, but fans say that this may be the secret of her beauty.Khushi- Jhanvi beat Kovid- Remind that Jhanvi Kapoor and Khushi Kapoor have recently defeated Kovid. Jhanvi Kapoor shared a post on social media in which she told that the report of Khushi Kapoor and her Kovid test came positive on 3 January. After this, he has followed the guidelines of BMC's home isolation, now the corona report of his and happiness has come negative.Corona spreading feet- Jhanvi wrote in the post that the first two days were tough but after that everything started to get better. The only way to avoid the virus is to wear a mask and get vaccinated. Take care everyone. Remind that Corona is once again spreading its feet rapidly. Many Bollywood stars have been hit by Kovid, although some have even defeated Corona.Jhanvi Kapoor's upcoming projects- Talking about Jhanvi Kapoor's workfront, she has 'Good Luck Jerry' and 'Dostana 2'. Apart from this, she will be seen in Boney Kapoor's production film 'Mili'. On the other hand, Khushi Kapoor is also ready for her debut. She will make her Bollywood debut with Zoya Akhtar's film.



## पीड़ित परिवार से मिला और अपनी संवेदना प्रकट की

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -अलीगढ़ |आज अलीगढ़ में बीते दिन पहले बाल्मीकि समाज के होनहार बेटे पुनीत को भाजपा के कुछ दरिंदों ने गोली मारकर हत्या कर दी पीड़ित परिवार से मिला और अपनी संवेदना प्रकट की शोक सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव महाराष्ट्र के पूर्व प्रभारी श्री स्वराज जीवन जी कैलाश सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष प्रदीप नितिन बिल्लू अनिल सोलंकी आदर्श मिश्रा डैनी बड़ी संख्या बाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित थे

## जैथरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -विधानसभा चुनाव को लेकर जैथरा एसएचओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह की टीम लगातार कर रही है वाहनों की चेकिंग, एसएचओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह ने अलग अलग जगहों पर की वाहनों की चेकिंग, चार पहिया वाहनों की डिग्गी खुलवाकर ली तलाशी, बाइक सवारों को भी किया गया चेक, पुलिस ने चार पहिया वाहनों के शीशों की भी उतरवाई काली फिल्म, पुलिस के चेकिंग अभियान से मचा क्षेत्र में हड़कंप, प्रमुख स्थानों पर चेकिंग होती देख कई बाइक सवार रास्ता बदलने को हुए मजबूर, थाना एसएचओ सुधीर कुमार सिंह ने कल एक चारपहिया वाहन से 1,51000/ रूपये की नगदी की थी बरामद।

## एटा के स्वास्थ्यकर्मी, परलोक तक में लगा आते हैं वैक्सीन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा के स्वास्थ्यकर्मी, परलोक तक में लगा आते हैं वैक्सीन ढ़ाई माह पूर्व मृत महिला को दूसरी डोज देने का आया मैसेज शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाने हेतु सीएमओ डलवा रहे हैं दवाब -3 नवम्बर 21 को परलोक सिधारी मालती देवी नई बस्ती बारहवीघा को लगाई दूसरी डोज। बनगांव में पूर्ण वैक्सीनेशन के बाद फिर से प्रथम डोज लगाने का पहुंचा मैसेज। छुट्टी गई कर्मचारी की आईडी से हुआ फर्जी वैक्सीनेशन।

## 07 तमंचे बने, 5 जिंदा कारतूस एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी में थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली दूसरी बड़ी सफलता, एक पेशेवर शातिर असलहा तस्कर 07 तमंचे बने, 5 जिंदा कारतूस एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार घटना का विवरण- थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर विरामपुर पुल के पास बने अधबने मार्केट के पास से एक अभियुक्त को समय करीब 12.15 बजे गिरफ्तार किया गया है तथा एक अभियुक्त पुलिस बल को देख मौके से भाग निकला। गिरफ्तार अभियुक्त की जामातलाशी में उसके पास से बरामद बोरे में से 07 तमंचे 315 बोर बने, 05 जिंदा कारतूस 315 बोर तथा भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं। इस सम्बन्ध में गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 22/2022 धारा 3/5/7/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## मतदाता बोले विकास करने वाला चाहिए विधायक

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




अलीगढ़ - शहर से गांव तक कहीं भी निकल जाइए यदि चर्चा है, तो बस चुनाव की है। मौसम भले सर्द हो, लेकिन चुनावी गर्माहट बनी हुई है। जगह-जगह चौपाल, खेत से गलियों तक प्रत्याशियों पर बहस करते लोग। सभी में इस बार क्षेत्र की समस्याओं के निदान होने की उम्मीद भी दिखी। गुण-दोष गिनाती तेज आवाज जोश बता रही थी, क्षेत्र की समस्याएँ गुस्से का एहसास करा रही थी। लोगों का यही कहना था, कि क्षेत्र का विकास कराने वाले को ही विधायक बनाना चाहिए। समस्याओं की जानकारी तो जनप्रतिनिधियों व तहसील के अधिकारियों को भी है, पर वे करते कुछ नहीं है। प्रदेश के विकास, कानून, बिजली आदि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने व माहौल को और अच्छा बनाने वाली पार्टी के प्रत्याशी को चुनेंगे और वोट सोच समझकर ही देंगे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## परिवार परामर्श केंद्र में आज दो टूटे हुए परिवारों में समझौता कराया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज दो टूटे हुए परिवारों में समझौता कराते हुए एक किया गया, पहला मामला चन्दकली पुत्री चन्दन सिंह निवासी ग्राम गंगापुर थाना मिरहची एटा व उसके पति राहुल पुत्र सुरेंद्र निवासी लालबाग जिला फ़िरोज़ाबाद का है, दोनो शादी के बाद मनमुटाव के चलते अलग अलग रह रहे थे, आज दोनो को समझकर गिले शिकवे दूर करके उनको विदा किया गया, दूसरा मामला राधा पुत्री नेत्रपाल निवासी अलेपुर थाना बागवाला एटा व गंगा सिंह निवासी सेथरा थाना कोतवाली देहात एटा का है, दोनो का आपसी विवाद सुलझाकर विदा किया गया, आज की बैठक में महिला थाना प्रभारी नंदिनी सिंह, काउंसलर अकरम खान, सचेन्द्र गुप्ता , अशोक कुमार, दुष्यन्त यादव के अलावा महिला थाना स्टाफ मौजूद था

## विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ बनाई रणनीति-अरविन्द चौहान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के तत्वाधान मे एक बैठक का आयोजन कैम्प कार्यालय शान्ती नगर पर शाम 6बजे किया गया।बैठक की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की बैठक मे विधान सभा चुनावों को लेकर हिन्दू समाज को जगाने के लिए कार्यकर्ताओ के साथ बनाई रणनीति।

बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री चौहान ने कहाँ कि विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओ को समाज मे जाकर हिन्दू समाज को जनजागरण कर चुनाव के महापर्व पर पूरे हिन्दू समाज को अपनी आहुति देने के लिए प्रेरित करे तथा अब उ.प्र मे विधान सभा चुनावो की तिथियां घोषित हो गई जिसको लेकर हिन्दू समाज के बीच वोटो के खातिर हिन्दू समाज को तरह तरह के प्रलोभन देकर वोट प्राप्त करने के लिए पार्टियां समाज मे सक्रिय हो गई है।लेकिन हिन्दू समाज को सोच समझकर निर्णय लेना है,क्योंकि अब समाज में वह राजनैतिक दल भी घूमेंगे जो हिन्दू समाज को बांटने का कार्य करते हैं तथा सत्ता मे आने के बाद हिन्दुओं पर अत्याचार करते है ऐसी राजनैतिक पार्टियों पर पूरे हिन्दू समाज को कडी नजर रखनी होगी तथा सम्पूर्ण हिन्दू समाज को सचेत रहना होगा क्योंकि हमें भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है इस कार्य को जो करेगा उसी का हम सब लोग उ.प्र.मे राज तिलक करेगे।हिन्दू समाज को इस बात का भी ध्यान रखना ह" कि अयोध्या मे उस समय के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह जी ने हमारे कारसेवकों पर गोली चलवाई थी तथा हमारे काफी कारसेवक भाई शहीद हो गये थे तथा लेकिन जब हिन्दू समाज के हित व हिन्दू विचारों की सरकार आयी तो कही भी गोली नही चली बल्कि अयोध्या मे करोड़ों हिन्दुओ की आस्था का प्रतीक भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है तथा पिछली सरकारों मे मां बहिन बेटियों की इज्जत खुलेआम लूट ली जाती थी तथा नेता कहते थे कि लडके है गलती हो ही जाती है। श्री चौहान ने कहाँ कि सभी हिन्दू समाज प्रलोभन मे न आकर अपनी बुद्दि विवेक से निर्णय ले किसी के बहकावे मे न आये।

क्योंकि अगर कही धोखे मे भी गलत निर्णय हो गया तो फिर पछताना ही रह जायेगा।इसलिए पूरे हिन्दू समाज को जागना होगा क्योंकि लोकतंत्र में वोट की ही कीमत होती है इसलिए हमें सोच समझकर निर्णय लेना है।हम सब लोगों का एक ही नारा होना चाहिए "जो हिन्दू हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा"हिन्दू समाज 2014,मे जगा देश मे परिवर्तन दिखा इसी तरह 2017,मे हिन्दू समाज जगा तो उ.प्र.मे बड़े पैमाने पर परिवर्तन दिखाई दिया ऐसे ही अगर हिन्दू समाज 2022मे जग गया तो 2017की अपेक्षा 2022मे और अधिक परिवर्तन दिखाई देगा भारत को हिन्दू राष्ट्र बनने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नही पायेगी इसके साथ साथ विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि विश्व हिन्दू परिषद का कार्य है हिन्दू समाज को जगाने का इसलिए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया सभी लोग अपने अपने क्षेत्रों मे हिन्दूओ को जगाने का कार्य करते रहे विधानसभा चुनावों तक सम्पूर्ण हिन्दू समाज को जगाते रहे तथा प्रयास करे कि हमारा हिन्दू भाई किसी प्रलोभन मे न फसे। बैठक मे,प्रभात कुलश्रेष्ठ, हरीश प्रताप सिंह, विजय गुप्ता, पवन कुमार, निशा चौहान, नवीन कुमार, अवनींद्र कुलश्रेष्ठ, प्रीति कुलश्रेष्ठ, आदेश कुमार,पूनम कुलश्रेष्ठ आदि लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों द्वारा रोजगार सहायक पर अनियमितता की शिकायत के बाद जांच में पहुँचे पीओ



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सुरजपुर- ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर ग्राम पंचायत गोविन्दपुर के रोजगार सहायक सचिव के ऊपर अनियमितता बरतने का आरोप लगा कर्यवाही करने की मांग की थी जिसके बाद जांच करने पहुंचे जनपद के पीओ प्रेम साय पैकरा के समक्ष ग्रामीणों ने रोजगार सहायक सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाये

गौरतलब है कि ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर ग्राम पंचायत गोविन्दपुर के रोजगार सहायक सचिव के ऊपर अनियमितता बरतने का आरोप लगा कर्यवाही करने की मांग की थी । जिसके बाद जांच करने पहुंचे जनपद के पीओ प्रेम साय पैकरा के समक्ष ग्रामीणों ने रोजगार सहायक सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाये । आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा की रोजगार सहायक द्वारा 18 इंच गोदी का मांग किया जाता है,जो नियम के अनुसार नहीं है ।रोजगार द्वारा अपने मन मर्जी के अनुसार मेट रखा जाता है , जो उनको ज्यादा से ज्यादा लाभ दे सकें ।वहीं ग्रामीणों द्वारा बताया गया की बोदार कठरा के निर्माण कार्य मे फर्जी मास्टर रोल भरी है जिसमे जगरनाथ,निर्मल, फुलेश्वरी,संतकुमार शामिल हैं । जिसमे जांच स्थल पर निर्मल द्वारा बताया गया की मै कार्य नहीं किया हूँ।वहीं ग्रामीणों ने रोजगार सहायक के उपर मनरेगा के मजदूरों का मास्टररोल में फर्जी हस्ताक्षर कर जनपद में जमा करने का भी आरोप लगाया है ।ग्रामीणों ने उक्त रोजगार सहायक को बर्खास्त करने की मांग की है । इस दौरान सरपंच सकुन्ती ,उपसरपंच रमेश आयम,सचिव रामप्रताप ,महेश सोनवानी, रामबकश, लालमन, अमरलाल, रामचंद्र सुखलाल अगरसाय एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बिहारपुर में प्रशासन उतरी माक्स लगवाने नहीं पहने हुए व्यक्ति, दुकानदारों पर लगाया गया जुर्माना



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सुरजपुर- बिहारपुर - चांदनी बिहारपुर में राजस्व, पुलिस, पंचायत के संयुक्त टीम के द्वारा बिना मास्क के डबल सवारी अनावश्यक घूमने वाले युवक से 700 रु. का जुर्माना लगाया गया साथ ही दुकानदारों को समझाइश दिया गया लेकिन इसके बावजूद भी भीड़ इकट्ठा कर के एक दुकानदार समान बेचा जा रहा था जिससे 1000 रु. का जुर्माना लिया गया टोटल 1700 सत्रह सौ रुपए का अर्थदंड किया गया और साथ ही न प्रशाशन ने सभी से अपील है कि जिले में बढ़ते कोरोना को हराने के लिए अनवास्यक घर से बाहर न जाएं और जाएं भी तो बिना मास्क के न जाए आप स्वास्थ्य रहेंगे तो घर स्वस्थ रहेगा घर स्वस्थ रहेगा तो मेरा गांव स्वस्थ रहेगा स्वस्थ रहीए सुरक्षित रहें मास्क लगावे जुर्माना से बचें इस दौरान बिहारपुर तहसीलदार जाटर साहब, थाना प्रभारी के पी चौहान पंचायत सचिव मुकेश जायसवाल,थाने के पुलिस स्टाप मौजूद रहे द्द

# 145216 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगाया गया टीकाकरण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सुरजपुर- जिले में दो दिन चले कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में सभी ब्लाको में ग्रामीण को कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए पात्र हितग्राहियों को कोरोना संक्रमण से बचने एवं रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन टीम द्वारा वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज डोर टू डोर पहुंच कर 145216 हितग्राहियों को वैक्सीन लगाया गया। कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में लोगों को जागरूक करने सभी ब्लाक में वैक्सीनेशन टीम द्वारा गली व मोहल्ला भ्रमण कर, जिन लोगो ने कोरोना की वैक्सीन नही लगवाया है, उनके घर-घर जाकर कोरोना की वैक्सीन लगवाने की अपील कर उन्हे प्रेरित किया तथा वैक्सीनेशन के प्रति भ्रामक अफवाह से बचने की सजग समझाइश दी गई। अपने परिवार व गांव के अन्य पात्र हितग्राहियों तथा रिश्तेदारों को भी वैक्सीन लगाने हेतु कहने के लिए कहा। कोरोना के तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही ना बरतने तथा कोरोना के निर्धारित गाइडलाइन का पालन करने समझाया गया जिससे प्रेरित होकर लाखों लोगों ने कोरोना संक्रमण से बचने एवं नियंत्रण के लिए वैक्सीन लगवाया। जिला प्रशासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जिला नोडल अधिकारी, ब्लॉक नोडल अधिकारी व क्लस्टर समन्वयक नियुक्त किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अमला हर जगह तैनात थी। वैक्सीनेशन के जन जागरूकता के लिए जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन की टीम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, नागरिकगणों का इस महाअभियान को सफल बनाने गली, मोहल्ला, दूरस्थ क्षेत्र बिहार पुर महुली लूल बैजनपाठ तेलाईपाठ भून्डा में घर घर पहुंचकर कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु कोविड-19 टीकाकरण हेतु लोगो को प्रेरित करने, घर-घर जाकर वैक्सीन का प्रथम एवं दूसरा डोज लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के महापर्व में 14, 15 जनवरी को पहला डोज 47117 एवं दूसरा डोज 98099 कुल 145216। आगे भी कोविड टीकाकरण कार्य जारी रहेगा।

# अनेक दायित्वों का निर्वहन करते हुए नाज़िया खान को मिली भाजयुमो में एक और बड़ी जिम्मेदारी


**नीति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण विभाग की बनी प्रदेश सह-प्रभारी**

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सुरजपुर- केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजयुमो में नीति, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण सेल का गठन किया गया जिसमे प्रभारी विकास साहू और प्रदेश सह प्रभारी के रूप में नाज़िया खान जी को बनाया गया वहीं सह प्रभारी के रूप में राहुल परिहार का भी नाम शामिल है युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू की अनुशंसा से यह नियुक्ति तय की गयी यहां प्रदेश प्रभारियों के साथ-साथ सभी जिले के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गयी। ऐसा माना जाता है की नाज़िया खान भाजयुमो की तेज तर्रार युवा नेत्री है वह कांग्रेस की सत्ता की दबदबा होते हुए सभी कोंग्रेसी पदाधिकारियों को पीछे छोड़ते हुए कुछ महीने पहले सूरजपुर जिले की अल्पसंख्यक आयोग समिति की सदस्य पद पर अपनी जगह बना ली इनकी काबिलियत और कार्यों को देखते हुए इन्हे एक और जिम्मेदारी से नवाजा गया। भाजयुमो के नीति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण का सह प्रभारी नियुक्त होने पर भाजयुमो नेत्री नाज़िया खान ने राष्ट्रीय नेतृत्व कर रहे एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू का आभार जताया साथ ही सभी वरिष्ठ नेताओं एवं जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक अपनी युवा मोर्चा की समस्त टीम का आभार ब्यक्त करते हुए कहा की विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर एक और नई बड़ी जिम्मेदारी यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है निश्चित ही खुद पर कभी कभी गर्व महसूस होता है की आज यहां पर हूँ मैं विश्वास दिलाती हूँ की संगठन ने जो विश्वास जताया है उस पर पूरी लग्न निष्ठा से कार्य करूँगी।

# जिला पंचायत उपचुनाव बिहारपुर चांदनी के कैलाशनगर में कांग्रेसियों के द्वारा वोट मांगने के लिए किया जा रहा कंबल वितरण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सुरजपुर- बिहारपुर - इन दिनों जिला पंचायत उपचुनाव क्षेत्र क्रमांक 5 बिहारपुर चांदनी में चुनाव प्रचार जोर शोर से चल रहा है जिसमें कैलाश नगर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेसी समर्थक प्रत्याशी रनसाय खैरवार को जिताने के लिए गाड़ी में कंबल लेकर मतदाताओं को देने के लिए ले जा रहे थे जिसको भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सिंह ने पकड़कर कार्यवाही कराने की मांग की है।

# भाजपा नेता ने जारी किया वीडियो, स्कॉर्पिओ में कंबल बाँट रहे सत्ता पक्ष के लोग



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर– ओड़गी बिहारपुर क्षेत्र के प्रतिष्ठापूर्ण उप चुनाव में अब हाई वोल्टेज करेंट दौड़ रहा है. जहाँ सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह पर मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं. वहीं सत्य नारायण सिंह ने फोटो और वीडियो जारी कर बताया है कि कांग्रेसी खुले आम आचार संहिता का उल्लंघन कर कंबल बाँट रहे. उनके कार्यकर्ताओं द्वारा कंबल से भरी एक स्कॉर्पियो वाहन को भी पकड़ा है जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी का टैग भी लटक रहा है. स्कॉर्पिओ लांजीत क्षेत्र की बताई जा रही है. बहरहाल दोनों पक्ष में से कोई भी अब तक थाने में नहीं पहुंचा है और शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है. आरोप निराधार बिहारपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मंदेश गुर्जर ने बताया कि भाजपा नेता का आरोप निराधार है ठंड का मौसम है बचने के लिये कार्यकर्ता रखे थे. उल्टे हमारे कार्यकर्ताओ के साथ मारपीट किया जा रहा है.

www.knlslive.com

# सड़क हादसे में होटल संचालक व शराब कारोबारी की मौत

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ – छर्रा कस्बा के रहने वाले रेस्टोरेंट संचालक अमित(45) व कस्बे के ही शराब कारोबारी अशोक गुप्ता(50) अपनी स्विफ्ट कार से अलीगढ़ आए थे। यहाँ से वापस छर्रा लौट रहे थे तब पनैठी से पहले हाईवे पर सामने से आ रहे ट्रक से जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में अमित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाते वक्त अशोक ने भी दम तोड़ दिया। इधर, कार को काटकर लोगों की मदद से पुलिस ने अमित के शव को बाहर निकाला। हादसे के बाद हाईवे पर भी वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने आधा घंटे में ट्रैफिक को सुचारू कराया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सुबह तीन बजे पहुंचा शहीद जवान का पार्थिव शरीर, श्रद्धांजलि देने वालों का लगा तांता

अमरीक सिंह
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बहराइच -रिसिया के सिक्खनपुरवा गांव निवासी शहीद सेना के जवान का पार्थिव शरीर रविवार सुबह तीन बजे गांव पहुंच गया। सुबह होते ही शहीद का अंतिम दीदार करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। परिवार के मुताबिक दोपहर एक बजे तक अंतिम संस्कार होने की संभावना है। रिसिया थाना क्षेत्र के सिक्खनपुरवा गांव निवासी सर्वजीत सिंह (25) जम्मू के एलओसी पर गुरुवार को आतंकियों की फायरिंग में शहीद हो गए थे। शनिवार रात को दिल्ली से लखनऊ शहीद का शव पहुंचा। इसके बाद एंबुलेंस से शहीद का पार्थिव शरीर रविवार सुबह तीन बजे गांव पहुंचा। यहां पर अंतिम दर्शन के लिए शव रखा गया। पार्थिव शरीर को देखकर परिवारिजन की आंखों से आंसू थम नहीं रहे हैं। वहीं गांव के साथ क्षेत्र के लोग काफी संख्या में पहुंचकर शहीद जवान को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। सभी शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी शहादत को नमन रहे है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की टुकड़ी शहीद को सलामी दे रही थी। परिवार के मुताबिक दोपहर एक बजे तक अंतिम संस्कार किया गया ठंड में भी बैठे हैं लोग रिसिया के सिक्खनपुरवा गांव में शहीद जवान का पार्थिव शरीर द्वार पर ही रखा गया है। गांव के लोग काफी संख्या में ठंड में द्वार पर ही जमा हैं। सभी का कहना है कि अपने लाडले को अंतिम विदाई के लिए एकत्रित हुए हैं।

# कांग्रेस की कमान विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने संभाली, तो भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल भी बिहारपुर में डटें

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर- जैसे-जैसे पंचायत उप चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है और प्रचार प्रसार के लिए अब कुछ ही दिन का बचा है, ऐसे में दोनों हो प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस अपनी पूरी ताकत झोंक रहे है। भाजपा की और से जहां जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल चुनाव प्रचार करने पहुंच गए है, तो वहीं कांग्रेस की ओर से भटगांव विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कमान संभाल रखी है। यहां तक कि जिलेभर के कार्यकर्ता व नेताओं ने डेरा डाल रखा है। जहां भाजपा भूपेश सरकार के तीन सालों में हुए रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने जहां जिले के सभी होजके लिए मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री, मडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं जिला अध्यक्ष ने थामा चुनावी मोर्चा बनाई रणनीति की बैठक लेकर सभी को चुनावी जिम्मेदारी सौंप दी है जिले बिहारपुर चुनावी घमासान में सुमन विजय प्रताप सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार में जोर सोर से जुट गए हैं। जिला स्व विजय प्रताप की भर के भाजपा कार्यकर्ता इन दिनों विजय रथ क्या कांग्रेस रोक पायेगी से को भली भांति याद होगा तब के चुनाव में पूरे प्रदेश की नजरें टिकी हुई थी उसके बाद भी उन्होंने जीत हासिल थी इसके बाद 2019 में स्वास्थ्य खराब होने के बाद बावजूद भी वे नामांकन दाखिल कर इलाज के लिए बाहर चले गए इसके बावजूद भी चांदनी बिहारपुर की जनता ने उन पर भरपूर स्नेह देते हुए एकतरफा जीत दिलाई इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि बिहारपुर की जनता का प्यार बराबर मिलता रहा है अब जबकि इस बार उनकी पत्नी सुमन विजय प्रताप सिंह चुनाव मैदान में है। अब देखना दिलचस्प होगा कि बिहारपुर की जनता का स्नेह इस चुनाव में भी मिलता है या नहीं। इन तीन साल में किए विकास कार्यो को लेकर जनता से वोट मांग रही है। जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने चुनाव जीतने का दावा किया जिले के अंतिम छोर पर बसा चांदनी बिहारपुर में जहां इन दिनों जिला चुनावी घमासाने मचा हुआ है। स्वर्गीय विजय प्रताप सिंह पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 लगातार दो बार चुनाव जीतते रहे हैं। 2014 का चुनाव तो सभी

## मंदिर से प्राचीन अष्टधातु की 6 मूर्तियों पर चोरो ने किया हाथ साफ



रिंकू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -जनपद के कोतवाली भिनगा क्षेत्र अंतर्गत एकघरवा स्थित रामजानकी मंदिर से रात्रि चोरो ने मंदिर में रखे अष्टधातु की मूर्ति पर चोरो ने धावा बोल दिया घर मे अस्थापित हुई 6 अष्टधातु मुर्तियो को चोर उठा ले जाने में कामयाब रहे जबकि मंदिर में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए है लेकिन चोरो के हौसले इतने बुलन्द है की सीसीटीवी कैमरा लगे होने के बाउजूद भी मंदिर में रखे मूर्ति को चोर उठा ले गए जिनसें में सीता जी ,राधा जी ओर लक्ष्मण जी बड़ी मूर्ति , तथा तीन छोटी में राम लक्ष्मण सीता की मूर्ति भी हैं ये मंदिर एकघरवा गांव में स्थित है जिसके संरक्षक चक्रधर त्रिपाठी, सारंगधर त्रिपाठी, परदुम नाथ त्रिपाठी के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई मोके पर पहुँचे कोतवाल भिनगा ओर पुलिस क्षेत्राधिकारी,तथा पुलिस के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है तथा संरक्षकों के द्वारा तहरीर दे कर के चोरो को जल्द ही पकड़ने की मांग की गई।

## अग्नि पीड़ितों से मिले भाजपा विधायक गंगा सिंह कुशवाहा

**आग से हुई क्षति देख परिवार वालो को बढ़ाया ढाढस**



सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कुशीनगर के जनपद के विशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरवा बभनौली में शुक्रवार की रात करीब 6 बजे में घर में बन रहे सिलेंडर से खाना से तभी अचानक सिलेंडर का रिसाव से फटा सिलेण्डर, सिलेंडर फटने से लगी आग में दो रिहायशी झोपड़ी, लैपटॉप, मोबाइल , खाद्य सामग्री तथा नगदी सहित लाखो की हुई क्षति समूह से मिला था नगदी रूपया ,बताया जा रहा है की रमेश पुत्र नर्वदेश्वर निवासी बभनौली के घर में अचानक सिलेंडर फटने से लगी आग बताया जा रहा है ग्रामीणों के सहायता से आग पर काबू पाया गया जिसकी सूचना पाकर भाजपा फाजिलनगर विधायक गंगा सिंह कुशवाहा मौके पर पहुंच अग्नि पीड़ितों को हुई क्षति देख सन्न रह गए और पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया इस तरह कांग्रेस नेता मनोज सिंह,भाजपा नेता नवीन ओझा, विक्की मिश्रा, मैनुद्दीन अंसारी, इत्यादि लोग मौजूद रहे।।

www.knlslive.com

## उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले ही भाजपा का पतन शुरू हो गया है : चौधरी शमसुल होदा



सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जिला कुशीनगर के विधानसभा फाजिलनगर (332) में समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे जनसम्पर्क अभियान ष्समाजवादियों चलो गांव-गांव द्वार-द्वारष् को सफल बनाने के क्रम में भठही खुर्द, बदुराव, बाढु चौराहा, भानपुर, कोइलसवां, बनकटा आदि गांवों का दौरा कर समाजवादी पार्टी की नीतियों व सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मा० अखिलेश यादव द्वारा सर्वजन-कल्याण व सशक्तिकरण हेतु किये जा रहे वायदों को जनता को बताने व समझाने में जुटे सपा जिला सचिव चौधरी शमसुल होदा ने कहा कि उत्तरप्रदेश चुनाव से पहले ही भाजपा का पतन शुरू हो गया है। किसान आंदोलन में जीवन त्यागने वाले 700 से ज्यादा शहीद किसानों और लखीमपुर खीरी में हुई किसानों की हत्याओं के पश्चात शहीद किसानों के परिवारों का श्राप भाजपा को लग गया है। शहीद किसानों के परिवारों का हाय भाजपा के ताबूत का अंतिम कील साबित होगा। भाजपा का अंत तय है। इसका ज्वलन्त उदाहरण भाजपा में मचा भगदड़ है। भाजपा के विधायक व मंत्री उत्तरप्रदेश के योगी सरकार की कार्यप्रणाली से दुःखी हैं और जनता की मनःस्थिति को भांपते हुए भाजपा की टिकट से चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। जनता के टैक्स के पैसे से विज्ञापन के जरिये भाजपा की प्रचंड लहर का दावा करने वाले मा०मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगीजी पांच सालों तक अयोध्या, मथुरा का लगातार परिक्रमा करते रहने के बावजूद भी वहां से चुनाव लड़ने का हिम्मत नहीं जुटा पाए और अपने गृहजनपद गोरखपुर में विधानसभा चुनाव लड़ने हेतु उन्हें अपने लिए सुरक्षित सीट का चुनाव करना पड़ा।


> ■ किसान आंदोलन में अपनी जान कुर्बान कर देने वाले शहीद किसानों के परिवारों की हाय भाजपा के पतन का कारण बन रहा है।

वास्तविकता यह है कि आज की तारीख में किसान, मजदूर, महिलाएं, छात्र-छात्राएं, युवावर्ग, पत्रकार, समाजसेवी, शिक्षक, शिक्षामित्र, दुकानदार, व्यपारी, लघुउद्यमी, आमजन, दलितवर्ग, पिछड़ावर्ग व अल्पसंख्यकवर्ग आदि सभी भाजपा सरकार की फासिस्टवादी नीति व रीति से त्रस्त व दुखी हैं और भाजपा सरकार से छुटकारा चाहते हैं. धर्म-सम्प्रदाय से अलग हटकर उत्तरप्रदेश की जनता ने समावेशी एकजुटता के साथ समाजवादी गठबंधन को वोट देकर मा० अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी गठबंधन की अपार बहुमत की सरकार बनाने व फासिस्टवादी भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का निर्णय ले लिया है. इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकरणी सदस्य मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड व पूर्व प्रधान केशव यादव , प्रधान नबीरसूल अंसारी, प्रधान मुन्ना कुशवाहा, बिकाऊ शर्मा, रामनक्षत्र कुशवाहा, महेंद्र यादव, मंसूर आलम, इस्तेयाज अहमद, आदि सपा नेता, कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## कोरोना रोधी वैक्सीन के फरमान से शिक्षकों में आक्रोश


शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - वाट्सएप ग्रुप पर गलत संदेश डालने के विरोध में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त किया है। बिजौली ब्लाक के वाट्सएप ग्रुप पर कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज की तिथि न होने पर भी वैक्सीन लगवाने संबंधी संदेश ने बखेड़ा खड़ा किया है। इस पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ व खंड शिक्षाधिकारी



अरूण कुमार ने कड़ी आपत्ति भी जताई है। मांग की है कि शिक्षकों को जबरन टीका लगवाने के लिए बाध्य न किया जाए। अन्यथा शिक्षक आंदोलन को मजबूर होंगे।

## 40 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना मय पुलिस टीम द्वारा सेमगढ़ा चौराहे से लालपुर खदरा जाने वाली सडक के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1.गजेन्द्र पुत्र गूँजी निवासीग पश्चिमी केवटनपुरवा दा0 सेमगढ़ा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती 2. गूँजी पुत्र नन्हे निवासी पश्चिमी केवटनपुरवा दा0 सेमगढ़ा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर क्रमशः मु0अ0सं0 15/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम गजेन्द्र पुत्र गूंजी के पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व मु0अ0सं0 16/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम गूंजी पुत्र नन्हे को 10-10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया ।

## देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - थानाध्यक्ष गिलौला मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर जानकी नगर चौराहे के पास से अभियुक्त राजू पुत्र धनीराम नि0 कोलाभार मजगंवा थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना गिलौला पर मुकदमा अपराध संख्या 06/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया ।